हादसा

इलाज कराने मंदिर जा रहे थे, पर्ची में लिखे मोबाइल नंबर से हुई शिनाख्त, बखलेटा रेलवे स्टेशन में हादसा

पति-पत्नी की मालगाड़ी की टक्कर से मौत

नवभारत,दमोह 22 जनवरी। जिले के हिंडोरिया थाना के बिल्थरा गांव में रहने वाले दंपति की बुधवार रात कटनी जिले के बखलेटा रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी की टक्कर से मौत हो गई है. दोनों के शव गुरुवार दोपहर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की गई.

पत्नी अपने पति का इलाज कराने के लिए मंदिर ले जा रही थी. इसी दौरान यह हादसा हो गया और दोनों की मौत हो गई. दमोह जीआरपी चौकी प्रभारी शेख जुम्मन ने बताया की बिल्थरा गांव में रहने वाले सुखदेव माली और उनकी पत्नी सुलेखा की कटनी जिले के बखलेटा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की टक्कर से मौत हो गई है.

बुधवार रात को सूचना मिली थी

स्टेशन मास्टर सागौनी से उन्हें बुधवार रात सूचना मिली कि दो अज्ञात शव रेलवे ट्रैक पर पड़े हैं. वह मौके पर पहुंचे और शव को रेलवे ट्रैक से सुरक्षित हटाकर रखवाया. सुबह पंचनामा कार्रवाई के दौरान एक पर्ची मिली उस पर्ची में लिखे मोबाइल नंबर पर जब फोन लगाया तो मृतक के छोटे भाई रामचरण माली से संपर्क हुआ. उसे मृतकों के फोटो दिखाए तो शिनाख्त हो गई.

बड़े भाई को मिर्गी का दौरा आता था : रामचरण

मृतक के भाई रामचरण ने बताया कि उसके बड़े भाई सुखदेव को पिछले 5 साल से मिर्गी का दौरा आता था. उसका इलाज कराने के लिए भाभी सुलेखा बखलेटा में एक हनुमान मंदिर में पूजन कराने के लिए ले जा रही थी. अंदेशा है इसी दौरान रेलवे स्टेशन पर सुखदेव को मिर्गी का दौरा आया और वह रेलवे ट्रैक पर कूद गया और उसे बचाने पीछे पत्नी दौड़ी तो दोनों मालगाड़ी की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई.

दो बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ गया

गुरुवार दोपहर दोनों का पंचनामा कराया गया, लेकिन पोस्टमार्टम में काफी समय लगने के कारण उनका पोस्टमार्टम शाम साढ़े पांच बजे तक नहीं हो पाया है. जीआरपी चौकी प्रभारी शेख जुम्मन ने बताया कि ऑनलाइन नाम जनरेट होने में समय लगने के चलते पोस्टमार्टम में समय लग रहा है. वहीं परिजन काफी गमगीन है, क्योंकि एक साथ पति-पत्नी की मौत से दो बच्चों के सिर से माता-पिता का साया भी उठ गया है. जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

क्षेत्र के विकास को मिलेगी गति : पटेल

ग्राम किन्द्रहों में सड़कों का राज्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

नवभारत,पथरिया 22 जनवरी। किन्द्रहो ग्राम में दो सड़कों की बहुत ही महत्वाकांक्षी, बहुत पुरानी मांग थी, छेघरा से लेकर पिपरिया लोहार और पिपरिया लोहार से लेकर किन्द्रहो सड़क का भूमिपूजन किया गया। मुझे सबसे ज़्यादा प्रसन्नता इन सड़कों के बनने की हुई। दूसरी सड़क पथरिया से जेरठ मार्ग पर बीच-बीच में 8 किलोमीटर की सड़क खराब थी, उस सड़क का टेंडर हुआ, पूरी सड़क उखाड़कर फिर से बनाने का काम किया जाएगा। लगभग 12-13 करोड़ रुपये की राशि की सड़कों का भूमिपूजन हुआ है।

इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने पथरिया क्षेत्र के ग्राम किन्द्रहों में सड़कों का भूमिपूजन कर आमजन को सम्बोधित करते हुये कही। राज्यमंत्री श्री पटेल ने सभी ग्रामवासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सब कार्य ग्रामवासियों के लिए समर्पित है।

आवगमन में होगी सुविधा

राज्यमंत्री पटेल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्होंने विशेष तौर पर हमारी 10-11 सड़कें मंजूर कीं, उसके लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद। छेघरा से किन्द्रहो मार्ग व पथरिया किन्द्रहो जेरठ मार्ग भूमि पूजन के साथ ही कनारी से भैंसा मार्ग का भी भूमि पूजन संपन्न हुआ है। सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। कृषि कार्यों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

सात की उम्रकैद बरकरार, 18 दोषमुक्त

दमोह का बहुचर्चित कांग्रेस नेता देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड मामला

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस रामकुमार चौबे की युगलपीठ ने दमोह के बहुचर्चित देवेंद्र चौरसिया हत्याकांड के सात नामजद मुख्य आरोपी चंदू सिंह, गोविंद सिंह, इंद्रपाल, लोकेश, गोलू, श्रीराम शर्मा व अमजद बूटा की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। जबकि साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए 18 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। जिन्हें दोषमुक्त किया गया, उनका नाम मूल एफआईआर में नामजद नहीं हुआ था।

आरोपियों की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता मनीष नागाइच ने अवगत कराया कि 15 मार्च 2019 को हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेरा मार्ग स्थित चौरसिया डामर प्लांट पर कांग्रेस नेता व व्यवसायी देवेंद्र चौरसिया की हत्या कर दी गई थी। आरोप था कि पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर देवेंद्र चौरसिया को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के बाद करीब एक वर्ष पूर्व दमोह के अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक ने 25 आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इस फैसले को चुनौती देते हुए आरोपियों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट ने मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का गहन परीक्षण करते हुए सात मुख्य आरोपियों की सजा को बरकरार रखा, जबकि 18 आरोपियों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य न पाए जाने पर उन्हें दोषमुक्त कर दिया। इसके साथ ही फरियादी सोमेश चौरसिया द्वारा सजा बढ़ाने की मांग को लेकर दायर अपील को भी न्यायालय ने निरस्त कर दिया।

नर्मदा प्राकट्योत्सव में आज होगा सरस्वती पूजन

नवभारत,दमोह। श्री नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ नर्मदा प्राकट्योत्सव का आयोजन 19 से 27 जनवरी तक पुराना थाना स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मठ प्रांगण में किया जा रहा है। 19 जनवरी को मां नर्मदा की मनमोहक व आकर्षक प्रतिमा की स्थापना पूर्ण विधि विधान से की गई। तृतीय दिवस 21 जनवरी को समिति द्वारा पारंपरिक भक्तों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीण भजन मंडली द्वारा मां नर्मदा के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के अंतर्गत 23 जनवरी को समिति द्वारा सरस्वती पूजन का आयोजन किया जाएगा।

अनुभूति कार्यक्रम में बच्चों ने सीखी प्रकृति की वर्णमाला

वन मंडल अधिकारी ने बच्चों को पर्यावरण प्रहरी बनने का संकल्प दिलाया

नवभारत,दमोह 22 जनवरी। प्रदेश शासन के वन विभाग एवं इको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वावधान में आज दमोह वन मंडल के अंतर्गत बीट हथनी (आरएफ 109) में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में स्कूली छात्र-छात्राओं ने किताबी दुनिया से निकलकर प्रकृति की गोद में वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने न केवल पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के महत्व को समझाया, बल्कि बच्चों के भविष्य को लेकर कैरियर मार्गदर्शन भी दिया।

कड़ी मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं में हो सकते हैं सफल : जरांडे

श्री जरांडे ने छात्रों को बताया कि वे कैसे कड़ी मेहनत और अनुशासन के माध्यम से वन सेवा (फ रेस्ट सर्विस) और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, प्रकृति की सेवा के साथ-साथ देश की सेवा करना गर्व की बात है। यदि आप लक्ष्य निर्धारित कर चलें, तो वन विभाग जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

जंगल की पगडंडियों पर रोमांचक सफर

कार्यक्रम की शुरुआत वन भ्रमण के साथ हुई, जहाँ शासकीय उ.मा. विद्यालय हृदयपुर और सरदार पटेल विद्यालय के 130 छात्र-छात्राओं को रेंजर विक्रम चौधरी और उनकी टीम ने दुर्लभ औषधीय वनस्पतियों की पहचान कराई। बच्चों को वन्यजीवों के पदचिह्न (पगमार्क) और विष्ठा दिखाकर यह समझाया गया कि कैसे जंगल के राजा 'बाघ' की मौजूदगी का पता लगाया जाता है।

एक नजर में

पथरिया में कलेक्टर ने विद्यार्थियों से की परीक्षा पर चर्चा

नवभारत,पथरिया। शासकीय सांदीपनि विद्यालय पथरिया में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा-पर चर्चा की। कलेक्टर कोचर ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी सही तैयारी से मेरिट में स्थान बना सकते हैं। उन्होंने छात्रों को भी प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा घबराने की आवश्यकता नहीं है, समय सारणी बनाकर सभी विषयों पर ध्यान दें तो सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नकल का सहारा नहीं लेना है। कार्यक्रम के दौरान लगभग 10 विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी कलेक्टर ने दिए। अंत में कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा भी मौजूद रहे।

जिपं उपाध्यक्ष ने परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों से की चर्चा

नवभारत,दमोह। हायर सेकंडरी विद्यालय मगरोंन में परीक्षा पर चर्चा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने विद्यार्थियों से संवाद किया और परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव, भय और दबाव से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए।उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, आत्मविश्वास बनाए रखने और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की सलाह दी। साथ ही कहा कि परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इसे बोझ न समझकर सकारात्मक सोच के साथ देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी शंकाएं और अनुभव साझा किए, जिनका सरल एवं प्रेरक तरीके से समाधान किया गया।

ग्राम मगरोन में अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई

नवभारत,दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन,परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी हैं। बटियागढ तहसील अन्तर्गत ग्राम मगरोन मे गिटटी का अवैध उत्खनन व परिवहन की जांच खनिज अमले द्वारा की गई। जिला माइनिंग अधिकारी कमलेश ने बताया उक्त ग्राम मे ट्रेक्टर बिना नम्बर का बिना रायल्टी गिट्टी का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया। इसे जब्त कर पुलिस थाना मगरोन में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया हैं। प्रकरण मे खनिज नियमों के तहत कारवाई प्रस्तावित की जायेगी।

बांके बिहारी मंदिर में सुन्दरकांड पाठ जारी

कुम्हारी नवभारत। अयोध्या में भगवान रामलला का भव्य मंदिर बन गया है। उसी पल को याद रखने कुम्हारी नगर में प्रभात फेरी मंडल के सौजन्य से रामलला सरकार का पूजन एवं श्री बांके बिहारी मंदिर में सुंदरकांड पाठ का 24 घंटे का गायन चल रहा है। सभी भक्त श्रद्धालु धर्म लाभ लेकर पुण्य अर्जन करते नज़र आये। बसंत पंचमी को मंदिर में हवन, पूजन व प्रसाद वितरण किया जायेगा।

हरदुआ में ट्रक का स्टेयरिंग फेल, सड़क से नीचे उतरा

दमोह-जबलपुर स्टेट हाईवे पर चालक की सूझबूझ से हादसा टला

नवभारत,दमोह 22 जनवरी। जबलपुर स्टेट हाईवे पर नोहटा थाना के हरदुआ गांव में गुरुवार दोपहर खाली कैरेट लेकर दमोह से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक अचानक स्टेरिंग फेल हो गया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर हरदुआ वेयरहाउस के सामने सड़क से उतर गया और वेयरहाउस की बाउंड्री वॉल के पास एक ओर झुक गया. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि ट्रक बाउंड्री वॉल के पास नहीं रुकता, तो 24 घंटे व्यस्त रहने वाले स्टेट हाईवे पर चल रहे अन्य वाहनों से टकराकर बड़ा हादसा हो सकता था. घटना के समय हाईवे पर यातायात सामान्य रूप से जारी था.गनीमत रही कि ट्रक में सवार चालक, परिचालक सहित चारों लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं. हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है.

ट्रक आंध्र प्रदेश से टमाटर लेकर दमोह पहुंचा था

बताया जा रहा है कि ट्रक आंध्र प्रदेश से टमाटर लेकर दमोह पहुंचा था. माल खाली करने के बाद ट्रक में गेहूं और टमाटर की खाली कैरेट लोड कर जबलपुर की ओर रवाना हुआ था. हरदुआ के पास उसका स्टेयरिंग फेल हो गया और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया. चालक की सूझबूझ से भी बड़ी घटना टल गई. यदि सामने किसी वाहन से टक्कर हो जाती तो बड़ी जानहानि भी हो सकती थी.

नोहटा में शुरू होगा स्टार्टअप गांव का चाय वाला

फिल्म अभिनेता मुकेश तिवारी सहित दिग्गज हस्तियां आज करेंगी उद्घाटन, कुल्हड़ में मिलेगी चाय

नवभारत,दमोह 22 जनवरी। दमोह के एक गांव नोहटा से शुरू होने जा रहा है एक नया स्टार्टअप गांव का चाय वाला। प्रसिद्ध व्यवसायी त्रिलोकचंद सैन द्वारा ये स्टार्टअप दमोह के नोहटा से शुरू किया जा रहा है। इसकी पहली फ्रेंचाइजी दमोह शहर के गल्ला मंडी गेट के पास शुरु होने जा रही है।

इसका उद्घाटन 23 जनवरी शुक्रवार को किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष और

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़े भाई नंदलाल यादव, पर्यटन व संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र लोधी, अभिनेता मुकेश तिवारी, विधायक जयंत मलैया, कलेक्टर सुधीर कोचर, एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी, वरिष्ठ समाज सेवी उज्जैन कन्हैया लाल चौहान,जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में दमोह के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

देश में दस हजार से अधिक फ्रेंचाइजी खोलने का लक्ष्य

दरअसल गांव का चाय वाला एक नया स्टार्टअप है, जिसका मुख्य कार्यालय और प्रोडक्शन नोहटा में है, वहीं पूरे देश में दस हजार से भी अधिक फ्रेंचाइजी खोलने का लक्ष्य हैं. यह केवल चाय वाला नहीं बल्कि एक पूरा रेस्टोरेंट है, जिसमें शुद्ध फूड प्रोडक्ट देशी अंदाज में बनाये और परोसे जाएंगे।

प्रात : 9 बजे होगा कार्यालय का शुभारंभ

अतिथियों की मौजूदगी में नोहटा में सुबह 9 बजे मंचीय कार्यक्रम के दौरान कार्यालय का उद्घाटन होगा। करीब 11 बजे दमोह के मोरगंज गल्ला मंडी के पास मौजूद गांव का चाय वाला फ्रेंचाइजी का उद्घाटन भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

भोजन केले व सुपारी के पत्तों में परोसा जाएगा

चाय जहां कुल्हड़ में सर्व की जायगी, वहीं खाना केले के पत्ते और सुपारी के पत्तों से बने प्लेटो में परोसा जाएगा। सेहत और शुद्धता का विशेष ख्याल इस स्टार्टअप में रखा गया। युवाओं में रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य से मेक इन इंडिया के तहत ये स्टार्टअप शुरू किया गया है।

शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

नवभारत,हटा 22 जनवरी। स्वामीराज सेवा संस्थान द्वारा हटा सिविल अस्पताल में नौवां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्थान पिछले 8 वर्षों से स्व. स्वामीराज सिंह पटेल की स्मृति में लगातार सेवा कार्य कर रही है। बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में निधि चौधरी एवं सौरभ चौधरी (दंपति) ने एक साथ रक्तदान कर प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पूर्व जिप अध्यक्ष शिवचरण बड्डा व जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल ,डॉ आरपी कोरी, डॉ रविन्द्र चौधरी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। शिविर को सफल बनाने में राजबहादुर पटेल, उदयभान पटेल,हर्ष पटेल सहित दमोह ब्लड बैंक से लेब टेक्नीशियन मनोज शर्मा, संजय प्यासी, मनीष श्रीवास्तव व अस्पताल स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुल 40 यूनिट रक्त दमोह जिला अस्पताल की टीम द्वारा संग्रहित किया गया।

कोई भी जन्म से अपराधी नहीं होता : सोलंकी

जिला जेल दमोह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,दमोह। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष सुभाष सोलंकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया,जेल अधीक्षक एमएल पटैल, सहायक जेल अधीक्षक रोहित सिंह सहित समस्त जेल स्टाफ तथा बंदी

उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश सुभाष सोलंकी ने बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता और न ही स्वेच्छा से कारागार में प्रवेश लेता है। गरीबी, अज्ञानता, क्रोध व दुर्घटनात्मक परिस्थितियों के कारण व्यक्ति से अपराध घटित हो जाते हैं, जिसके कारण उसे जेल में रहना पड़ता है।

प्राणायाम, ध्यान तथा योग का अभ्यास करे : न्यायाधीश

आपने बंदियों को प्राप्त संपर्क, मुलाकात, धर्मपालन, उपचार, पढ़ने-लिखने के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुये बंदियों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से प्राणायाम, ध्यान तथा योग का अभ्यास किये जाने हेतु प्रेरित किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुये कहा कि जेल में निरूद्ध बंदी को शासकीय व्यय पर निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है जो तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक उपलब्ध करायी जाती है।

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कमला नेहरु महिला महाविद्यालय दमोह (म.प्र.)

Telephone 07812-222385 Email- hegkngedam@mp.gov.in

क्रमांक / 1408 / निविदा/पुस्तकालय/2026 **स्टेशनरी क्रय हेतु निविदा आमंत्रण 2025-26** दमोह, दिनांक :- 21/01/2026

इस महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को नि :शुल्क स्टेशनरी प्रदाय योजना के तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए स्टेशनरी क्रय किया जाना प्रस्तावित है। अत इच्छुक आपूर्तिकर्ता स्टेशनरी क्रय हेतु अपनी निविदा दिनाक 04/02/2026 को कार्यालयीन समय साय 05 .30 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में मुहर बंद लिफाफे में भेजे। निर्धारित तिथि एवं दिनाक के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा आमंत्रण का तात्पर्य क्रय की गारंटी नही है निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का रहेगा।

निविदा निम्न प्रारूप में होना चाहिए -

क्रं.	स्टेशनरी का विवरण	Quality Paper GSM	Size	मूल्य/प्रति नग (समस्त शासकीय कर सहित)
1.	Copy 192 Pages	58Gsm	210 mm x 297 mm	
2	Copy 288 Pages	58Gsm	210 mm x 297 mm	
3.	Copy 384 Pages	58Gsm	210 mm x 297 mm	
4.	नीला/लाल/काला बॉल पेन		प्रति नग	
5.	डाक्यूमेन्ट फाइल पलेपर वाला		प्रति नग	
6.	पेंसिल		प्रति नग	
7.	इरेजर		प्रति नग	
8.	शार्पनर		प्रति नग	
9.	कॉलेज / स्कूल बैग (महाविद्यालय नाम प्रिंटिंग के साथ)		प्रति नग	
10.	पेंसिल पेन पाउच		प्रति नग	

नियम एवं शर्ते :- 1. किसी भी निविदा या सभी निविदाओं के पूर्ण/आंशिक स्वीकृत्त/अस्वीकृत करने तथा किसी क्रय संबंधी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा। 2. सामग्री की नमूना प्रति अवश्य भेजे। 3. सामग्री पहुँचाने एफ.ओ.आर. शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, दमोह होगा। 4. सामग्री की दर जी.एस.टी. सहित होना चाहिए। 5. भंडार क्रय नियमों की समस्त शर्ते निविदाकर्ता / प्रदायकर्ता फर्म के लिए लागू व अनिवार्य होंगी। 6. बजट उपलब्धता के आधार पर क्रय प्रक्रिया की जायेगी।

प्राचार्य
शास. कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह